जेंडर इंटेंशनल

क्षमता वृद्धि
श्रृंखला संस्करण 2.0

इस उच्च प्रभाव दृष्टिकोण का उपयोग क्यों करें?

गुणवत्तापूर्ण परिवार नियोजन और ए0वाय0एस0आर0एच सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और स्वास्थ्य कर्मियों की क्षमता में वृद्धि करना

प्रशिक्षण सेवा प्रदाताओं के ज्ञान को बढ़ाने, कौशल विकसित करने और दिन-प्रतिदिन की समस्याओं के समाधान खोजकर उच्च-गुणवत्ता वाली परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने का अवसर देता है।



पहला चरण

सेवा प्रदाताओं को ऑन बोर्ड करें और प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करें

सुनिश्चित करें कि सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में भारत सरकार के मानकों के अनुसार गर्भनिरोधक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रशिक्षित सेवा प्रदाता हो। इन्फेक्शन प्रिवेंशन पर प्रशिक्षण दें और पुरुष सेवा प्रदाताओं को परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के लिए संवेदनशील बनाएं। स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की प्रशिक्षण आवश्यकताओं का वार्षिक मूल्यांकन करें।

दूसरा चरण

प्रशिक्षण के प्रकार का चयन करें और प्रशिक्षण-योजना तैयार करें

प्रशिक्षण आवश्यकताओं के मूल्यांकन के आधार पर वार्षिक या आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार करें, और प्रशिक्षक, प्रशिक्षण केंद्र, गर्भनिरोधक सामग्री और अभ्यास के लिए योग्य क्लाइंट्स की व्यवस्था करें।

तीसरा चरण

प्रशिक्षण करें

स्वास्थ्य सेवा प्रदाता की क्षमता को प्रभावी ढंग से बढ़ाने के लिए दक्षता-आधारित प्रशिक्षण प्रदान करें। सुनिश्चित करें कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाता और स्टाफ परिवार नियोजन पर इन्फॉम्र्ड चॉइस और एडोलसेंट फ्रेंडली सेवाएं प्रदान करने में सक्षम हो।



चौथा चरण

प्रशिक्षण के प्रभाव का आकलन करें और सहयोग दें

प्रशिक्षण के बाद, डी0क्यू0ए0सी के सदस्यों को स्वास्थ्य केंद्र का दौरा करना चाहिए ताकि प्रशिक्षण के प्रभाव का आकलन हो, साथ ही अतिरिक्त मार्गदर्शन, सहायक पर्यवेक्षण और पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता का आकलन भी किया जा सके। सरकारी अधिकारी एम0ओ0आई0सी बैठकों, पब्लिक-प्राइवेट इंटरफेस बैठकों और स्वास्थ्य केंद्र दौरों के दौरान उपकरणों, आपूर्तियों और तकनीकी सामग्रियों की आवश्यकताओं का मूल्यांकन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिये देखें:
https://tciurbanhealth.org/courses/india-services-supply/lessons/strengthening-provider-capacity/